कवि हरीश हिन्दुस्तानी सम्मानित

माई झुं. न्यूज। भारत संचार निगम लिमिटेड की ओर से उप महाप्रबंधक वी.के. सिधवी ने नवलगढ के युवा कवि हरीश हिन्दुस्तानी को कन्या भ्रूण हत्या के संरक्षण में हिन्दी कविताओं को लिखने हेतु सम्मान दिया गया।

बीएसएनएल ने शुरू की इंटरनेट वायरलैस इवीडियो सुविधा

माई झुं. न्यूज। झुंझुनूं में दूरसंचार विभाग बीएसएनएल ने वायरलैस इन्टरनेट सुविधा इवीडिओ शुरू की है। साथ ही सभी तहसील मुख्यालयों पर निक सुविधा शुरू की है। बीएसएनएल के महाप्रबंधक रामचन्द्र राय ने बताया कि ईवीडिओ सेवा के अन्तर्गत मुख्यालय के पांच किलोमीटर के भीतर रेंज के उपभोक्ता लाभ प्राप्त कर सकेंगे जो कि बीना टेलीफोन कनेक्शन के कार्ड द्वारा इन्टरनेट चला सकेंगे। इसका खर्चा ब्राडबैंड से कम तथा स्पीड अधिक है।

महर्षि दयानन्द कॉलेज में कन्या भ्रूण संरक्षण संगोष्ठि

माई झुं. न्यूज। कन्या भ्रूण हत्या संरक्षण विषयक संगोष्ठि का आयोजन मण्डावा मोड स्थित महर्षि दयानन्द कॉलेज में हुआ जिसमें संस्था संरक्षक डॉ. घासीराम वर्मा, भ्रूण हत्या संरक्षण समिति संरक्षक रामचन्द्र तुलस्यान, समिति सचिव सम्पत राम पुरोहित, वरिष्ठ पत्रकार श्यामसुन्दर पोद्दार, वैश्य नगर सम्मेलन के अध्यक्ष वीरेन्द्र शाह आदि ने विषय पर अपना उद्‌बोधन दिया।

इण्डसइण्ड बैंक में अंकुश को दी जन्म दिवस की बधाई

माई झुं. 11 सितम्बर। इण्डसइण्ड बैंक में कार्यरत एक्युक्युटीव ऑफीसर अंकुश बिलोरिया को उनके 28 वे जन्म दिवस पर गुरुवार को इण्डसइंड बैंक में एक सादे समारोह का आयोजन किया गया। इंडसइंड बैंक के शाखा प्रबंधक डॉ. अनुपसिंह, सहायक शाखा प्रबंधक शिवपाल सिंह शेखावत, गौतम शर्मा, परवेज खान, डी.एन. कमल सोनी, अलका भाटिया, सुनील जींगर, ओपी सैनी सहित अन्य स्टाफजन ने अंकुश को जन्म दिवस की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

बनवारीलाल शर्मा ने करवाया समावणी प्रसाद

माई झुं. न्यूज। चुणा चौक राणी सती रोड स्थित बनवारी लाल शर्मा खाजपुरिया ने अपने निवास पर बालाजी महाराज की सवामणी प्रसाद का आयोजन किया। मंगलवार सायंकाल आयोजित समावणी प्रसाद में ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ.दयाशंकर बावलिया, उमाशंकर महमिया, अर्जुन वर्मा, एडवोकेट आलोक गौड़, आईटीओ मनमोहन काण्डपाल, अशोक सोनी सहित रोटरी क्लब सदस्य एवं अन्य विभिन्न संस्थाओं के सदस्यगण व गण्मान्य जन बड़ीसंख्या में उपस्थित थे। आगन्तुकों का स्वागत स्वयं बनवारीलाल व उनके सुपुत्र जितेन्द्र शर्मा खाजपुरिया कर रहे थे।

कमलकान्त शर्मा ने चढ़ाई मजार पर चादर

माई झुं. 3 सितम्बर। कमरूदीन शाह दरगाह पर बुधवार को लोजपा प्रत्याशी कमलकान्त शर्मा ने चादर चढ़ाकर हिन्दु मुसलमान की दोस्ती की मिसाल कामय की है। इस अवसर पर दरगाह के सज्जादशीन एजाज नबी शाह व चंचलनाथ टील के मठाधीश ओमनाथ महाराज सहित दोनों समुदाय को संभ्रान्त जन उपस्थित थे।

हंसासरिया परिवार द्वारा गणेश महोत्सव

माई झुं. 8 सितम्बर। हंसासरिया परिवार द्वारा दादाबाड़ी के निकट वार्ड नंबर 33 में गणेश महोत्सव परम्परागत ढंग से मनाया गया। सोमवार सायंकाल हंसासरिया भवन में विघ्न विनाशक गणपति की शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई समस तालाब पहुंची। शोभायात्रा में सभी ने उत्साह के साथ गणपति मूर्ति के सामने गणेशजी की जय जयकार की जिसमें अगले बरस तू जल्दी का, एक दो तीन चार गणपति तेरी जै जैकार, गणपति बप्पा मोरिया, आदि जै कारे प्रमुख थे। जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ शोभायात्रा का शहरवासियों ने स्वागत किया। पं. वेदप्रकाश महमिया के सानिध्य में रामगोपाल हंसासरिया एवं श्रीमती किरण हंसासरिया ने पूजा अर्चना के पश्चात समस तालाब में गणपति विसर्जित किया। इस अवसर पर अन्नीराम हंसासरिया, सुभाष हंसासरिया, घनश्याम हंसासरिया, दिनेश ढंढारिया, चन्द्रप्रकाश टीबड़ा, रामचन्द्र गोयनका, मोनिका, शिल्पी, कीर्ति, मधु टीबड़ा एवं अन्यजन बड़ी संख्या में प्रमुख थे।

शेखावत का भाजपा नेता सावरंमल वर्मा के निवास पर स्वागत

माई झुं. 8 सितम्बर। बगड़ खेतड़ी की दो दिवसीय यात्रा पर पधारे पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत का भाजपा नेताओं ने जगह-जगह स्वागत किया। इसी कड़ी में बगड़ रोड़ स्थित भाजपा नेता सावंरमल वर्मा के निवास स्थान पर शेखावत का स्वागत हुआ। पूर्व उपराष्ट्रपति को सांवरमल वर्मा, बिलासराय वर्मा, गिरधारीलाल, सुधा पंवार, राधाकिशन माथुर, बजरंगलाल धाधाई, अर्जुनलाल आदि ने माल्यार्पण किया।

मुख्यमंत्री को २५१ किलोग्राम का लड्डू भेंट

जयपुर, २९ अगस्त। मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे को शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री निवास पर मोती डूंगरी श्री गणेश मंदिर के महन्त श्री कैलाश शर्मा ने २५१ किलोग्राम का लड्डू प्रसाद स्वरूप भेंट किया। उन्होंने श्री गणेश मंदिर की ओर से मुख्यमंत्री को चुनरी ओढ़ाकर उनके सुदीर्घ, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया।

झुंझुनूं इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया

माई झुं. 5 सितम्बर। जीवेम समूह के झुंझुनूं इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जीवेम समूह के चेयरमैन दिलीप मोदी एवं प्रबंध निदेशिका श्रीमती नीरजा मोदी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। विद्यालय प्रधानाचार्या सुनीता मिश्रा एवं उपप्रधानाचार्य सोमेश भारद्वाज ने भी चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इसके पश्चात विद्यालय स्टाफ द्वारा म्यूजिकल चेयर गेम खेला गया। प्रबंध निदेशिका श्रीमती नीरजा मोदी के गीत कन्धों से मिलते है कन्धे कदमों से कमद मिलते है। के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया।

नन्दुजी की भजन संध्या में जमा रंग

माई झुं. न्यूज। समाज सेवी स्व. रामनिवास रूंगटा जन्म शताब्दि के अन्तर्गत बगड़ चावो वीरो गार्डन में नन्दकिशोर शर्मा नन्दुजी की भजन संन्ध्या में ऐसा रंग जमा की देर रात तक श्रद्धालु श्रोता डटे रहे। विदित है कि श्याम भक्त नन्दुजी जिले के ही नवलगढ़ के रहने वाले हाल आबाद अहमदाबाद प्रवासी है तथा जो कि भक्त उन्हें भजन सन्ध्या हेतु आमंत्रित करते है वहां वे बिना किसी स्वार्थ अर्थ के जाते है हमारा वन्दन है ऐसे सुप्रसिद्ध श्याम भक्त नन्दुजी को। समारोह का आगात रूंगटा परिवार द्वारा पुज्य अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर पधारे सुप्रसिद्ध कोर्ट के जज वीएन अग्रवाल, पीएम रूंगटा व अन्य रूंगटा परिवार के व्यक्तियों ने आदरणीय नन्दुजी का स्वागत किया।

श्रीबन्धे का बालाजी मंदिर में बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर सम्पन्न

फोटो : रामनिवास सोनी

माई झुं. 7 सितम्बर। श्री बन्धे का बालाजी मंदिर में रविवार को आयोजित बहुउद्ददेशीय चिकित्सा शिविर में 1967 रोगियों ने चिकित्सा लाभ उठाया। शिविर का उद्‌घाटन बऊधाम के पीठाधीश्वर संत रतिनाथ जी महाराज ने किया। इस परम अवसर पर टांई धाम के पीठाधीश्वर सोमनाथजी महाराज भी उपस्थित थे।

मन्नालाल द्वारकादास गाडिया चैरिटेबल ट्रस्ट व जिला स्वास्थ्य समिति (अंधता) के संयुक्त तत्वावधान में लगाए गए नेत्र चिकित्सा शिविर में 890 रोगियों का पंजीयन हुआ। जयपुर से आए डॉ. अंशु सहाय व उनके सहयोगियों की टीम ने सभी रोगियों की जांच की। इसमें 142 रोगी ऑपरेशन के योग्य पाए गए। मोतियाबिंद के रोगियों का ऑपरेशन कर उच्च कोटि के लैंस प्रत्यारोपित किए गए। ऑपरेशन वाले रोगियों के ठहरने व खाने की व्यवस्था मंदिर में की गई है। इसी प्रकार सेठ मन्नालाल सत्यनारायण गाडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित ईएनटी व दन्त चिकितसा शिविर में 752 रोगी पहुंचे। डॉ. प्रकाश गोलच्छा ने नाक, कान व गले संबंधी बीमारियों की जांच की। दाँतों की जांच डॉ. एच.एच. हाथी, डॉ. प्रदीप जैन, डॉ. डी.के. गुप्ता, डॉ.एच.पी. त्रिवेदी व डॉ. नागेश बिंदु आदि ने की। शिविर में दांतों के भरने व निकालने का काम भी किया गया। सभी रोगियों को पांच दिन की दवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई।

मंदिर परिसर में ही मणीदेवी गजानन्द लाठ ट्रस्ट मुम्बई की ओर से लगाए गए स्पर्श चिकित्सा शिविर में 325 रोगियों का पंजीयन हुआ। अजमेर से आए डॉ. राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने मरीजों का उपचार किया। संयोजक गीलुराम मोदी ने व्यवस्था संभाली। शिविर में मुम्बई प्रवासी ओमप्रकाश गाडिया, विनोद लाठ, प्यारेलाल पाटोदिया, अजय गाडिया, दिल्ली प्रवासी सत्यनारायण मोदी, गोपाल गोशाला के सत्यनारायण गाडिया, मंदिर ट्रस्ट के नरेशचंद गाडिया, प्रदीप गाडिया, विजय गाडिया, सम्पत गाडिया, पवन गाडिया, सुभाष क्यामसरिया, सुधीर टीबड़ा, राजकुमार गौड, सुरेन्द्र राणासरिया, बालचंद चौमाल, संजय जगनानी, अनिल केडिया सहित काफी शहरवासी सेवा में लगे हुए थे। शिविर का अवलोकन कर लायन्स क्लब्स इंटरनेशनल प्रान्त 323 ई-1 के निवर्तमान प्रान्तपाल श्रवणकुमार केजड़ीवाल, डी.एन. तुलस्यान तुलस्यान, सम्पत चुड़े लेवाला, हरीश तुलस्यान आदि ने शिविर को सफल बताया।

जीवेम में विद्यार्थियों ने किया गुरु महिमा को साकार

माई झुं. 5 सितम्बर। गुरु के गरिमामय व्यक्तित्व को झुंझुनूं एकेडमी स्कूल प्रांगण में विद्यार्थियों ने साकार रूप प्रदान किया। एक बेहद शानदार कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने शिक्षक दिवस के इस पावन अवसर पर शिक्षकों के सम्मान में उन्हें आह्लादित कर देने वाली प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दिलीप मोदी, चेयरमैन जीवेम समूह एवं श्रीमती नीरजा मोदी, प्रबंध निदेशिका, जीवमे समूह को छोटे बच्चों ने शिक्षक दिवस की शुभकामनाओं से भरे अनेक कार्ड भेंट किये।

इस अवसर पर चेयरमैन दिलीप मोदी ने अपने उद्‌बोधन में डॉ. कृष्णन को याद करते हुए कहा कि वे एक महान शिक्षक होने के साथ ही एक सुलझे हुए दार्शनिक भी थे। इस कार्यक्रम के बाद एक विशेष आयोजन में एक सेमीनार का आयोजन किया जिसमें बड़ौदरा-गुजरात से पधारे कार्तिक शाह ने आर्ट ऑफ लिविंग पर अपने सुविचारों से शिक्षकों को व्यक्तित्व निर्माण की प्रेरणा दी।

धर्मचन्द जांगिड़ ने करवाया जागरण व प्रसाद

माई झुं. 3 सितम्बर। गणेश मंदिर के पास, मोती सिंह की ढाणी स्थित निज निवास पर धर्मचन्द जांगिड़ ने श्री गणेश जी महराज का जागरण व प्रसाद का आयोजन किया जिसमें शहर के गणमान्यजन, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी सदस्यगण व अन्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी आगन्तुकों का अभिवादन स्वयं आयोजक धर्मचन्द व उनके सुपुत्र राजकुमार व अनिल सहित अन्य परिवाजन कर रहे थे।

न्यू राज. पीजी कॉलेज में मनाया शिक्षक दिवस

माई झुं. न्यूज। न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में शिक्षक दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षाविद चतरसिंह शेखावत थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता की प्रो. विद्याधर शहर ने तथा अतिथियों के रूप में संस्था अध्यक्ष विनोद ढुकिया, प्रबंध निदेशक इंजी.प्यारेलाल ढुकिया आदि थे। अतिथियों ने अपने विचारों से समारोह को सम्बोधित करते हुए गुरु शिष्य के मध्य रिश्ते व उनके आचरण व्यवहार के बारे में विस्तार से बताया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रोचक कार्यक्रम में 55 गुरुजनों को टाइटल दिये गये तथा सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। समारोह का संचालन मनीषा डूडी व ज्योति शर्मा ने किया।

सिटी ग्रेटर लायन्स क्लब का दन्त चिकित्सा शिविर

माई झुं. न्यूज। लायन्स क्लब झुंझुनूं सिटी ग्रेटर की ओर से गोपालराम सैनी की स्मृति में नि:शुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉ. रामचन्द्र सैनी एवं डॉ. राजवीर सिंह डूडी ने शिविर में अपनी नि:शुल्क सेवा प्रदान कर रोगियों को चिकित्सा परामर्श तथा नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की। इस अवसर पर मनीराम बुडानिया, सुरेश रोहिला, जगदीशप्रसाद शर्मा, बी.एल. सैनी, महेन्द्र सैनी, मयंद सहित अन्य लायन्स सदस्य उपस्थित थे।

रोगियों की सेवा मेरा परम ध्येय-गाडिया

फोटो : रामनिवास सोनी

माई झुं. न्यूज। मुम्बई प्रवासी ओमप्रकाश गाडिया ने कहा है कि रोगियों की सेवा उनका परम ध्येय है। वे मंगलवारसुबह श्री बन्धे का बालाजी मंदिर में बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर के समापन समारोह में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि गांव और अपनों के बीच आकर सेवा करने से जो संतुष्टि मिलती है, उसका कोई मुकाबला नहीं है। यही कारण है कि वे मुम्बई में व्यस्त रहते हुए भी अपने गांव व अपने लोगों के बीच आना कभी नहीं भुलते। मुम्बई प्रवासी विनोद लाठ ने कहा कि सेवा कार्य से समाज में ऊंच नीच की भावना खत्म होती है। जरूरतमंद की सहायात से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। समारोह में गोपाल गोशाला के सत्यनारायण गाडिया, श्री वस्त्र व्यापार संघ के सचिव पवन गाडिया, युवा उद्यमी अजय गाडिया, नरोततमलाल राणासरिया, नरेशचन्द्र गाडिया, गीलरुाम मोदी आदि मंच पर मौजूद थे। सुभाषचन्द क्यामसरिया, राजकुमार गौड़, संजय जगनानी, मनोज व्यास, अशोक हिसारिया, अमित गाडिया आदि ने व्यवस्था संभाली। डॉ. पंकज ने ऑपरेशन वाले रोगियों की जांच की। इसके बाद आवश्यक दवाएं देकर उन्हें छुट्टी दे दी गई। ऑपरेशन वाले रोगी व उकसे साथ आए एक परिजन को आने जाने का किराया आयेजकों की ओर से दिया गया।

उल्लेखनीय है कि श्री मन्नालाल द्वारकादास गाडिया चैरिटेबल ट्रस्ट व जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से लगाए गए नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 890 रोगियों का उपचार किया गया। इनमें से 142 रोगियों का बिना टांके का ऑपरेशन कर लैंस प्रत्यारोपित किए गए। इसी प्रकार मन्नालाल सत्यनारायण गाडिया चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आयोजित ईएनटी व दंत चिकित्सा शिविर में 752 रोगियों ने उपचार कराया। श्रीमती मणीदेवी गजानंद लाठ ट्रस्ट मुम्बई की ओर से लगाए गए स्पर्श चिकित्सा शिविर में 350 रोगियों का ईलाज हुआ।

भाजपा ने मनाई पंडित दीनदयाल जयंती

माई झुं. न्यूज। पंडित दीनदयाल जयंती भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय झुंझुनूं भाजपा कार्यालय में उत्साह के साथ मनाई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व पालिकाध्यक्ष रमेश टीबड़ा ने की। इस अवसर पर नगरपरिषद की सभापति श्रीमती भारती टीबड़ा, भाजपा जिला महामंत्री विश्वम्भरलाल पूनिया, शहर अध्यक्ष अजय तिवाड़ी, सुरेन्द्र छावसरी, पार्षद जाकिर हुसैन चौहान, गीता तिवाड़ी रानी ठठेरा, किशन शर्मा टेण्ट हाउसवाले, गौतम पुजारी, मातुराम सहित अन्यजन उपस्थित थे। वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल के जीवन पर प्रकाश डाला तथा आगामी विधानसभा चुनावों पर भी कार्यकर्ताओं ने चर्चा की।

रामावतार मित्तल को दी श्रृद्धांजली

माई झुं. न्यूज। अग्रवाल भवन चिड़ावा में विष्णु चौधरी की अध्यक्षता में हुई शोकसभा में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप मित्तल के पिता रामावतार मित्तल के निधन पर शोक प्रकट किया गया तथा दिवंगत मित्तल को श्रृद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रृद्धांजलि दी। वैश्व महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष अनुज भगेरिया ने स्व. रामावतार मित्तल द्वारा किये जाने वाले समाज विकास कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। शोकसभा में बड़ी संख्या में अग्र बन्धु उपस्थित थे।

एसएमएल कॉलेज में बास्केट बाल प्रतियोगिता

माई झुं. 18 सितम्बर। स्थानीय सेठ मोतीलाल पीजी महाविद्यालय में राजस्थान विश्वविद्यालय की अन्तर महाविद्यालय बास्केटबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ हरिप्रसाद शर्मा, पुलिस अधीक्षक झुंझुनूं के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान के एक मात्र द्रोणाचार्य सम्मान से सम्मानित तथा बीजिंग पैरा ओलम्पिक में भारतीय एथेलेटिक टीम के कोच डॉ. रिपुदमन सिंह ने की।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राकेश गुप्ता, निदेशक रियायबल परिवार चेयरमैन नोमिनी राजबीर सिंह व राजस्थान विश्वविद्यालय के को ओप्टिड मेम्बर पवन कुमा शर्मा थे। कार्यक्रम के आरम्भ में महाविद्यालय के प्राचार्य वी.के. शर्मा, उप प्राचार्य डॉ. आर.के. कटेवा, समन्वयक डॉ. एन.के. शर्मा व शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह ने मेहमानों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के प्रबंधक डॉ. अतुल कुमार गर्ग थे। इसमें सीकर, जयपुर, अलवर, झुंझुनूं, भरतपुर व दौसा जिलों के विभिन्न महाविद्यालयों की 22 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. रविन्द्रकटेवाने सभी आगन्तुक मेहमानों व सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया।

समापन्न समारोह : इस प्रतियोगिता का समापन समारोह इरफान अली, मुख्य टिकट निरीक्षक रेलवे जो कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के हैण्डबॉल व बास्केट बाल के खिलाड़ी रह चुके है के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मित्राविज्डम ग्रुप के चेयरमैन विक्रम ओला, चेयरमैन नोमिनी राजबीर सिंह व राजस्थान विश्वविद्यालय के को-ऑपिटड मेम्बर पवन कुमार शर्मा, भारतभूषण शर्मा, कोच राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर थे। इस प्रतियोगिता केप्रेस संयोजक डॉ. वी.एस. तंवर व डॉ. सुशील त्यागी ने बताया कि इस प्रतियोगिता का फाईनल राजकीय कल्याण कॉलेज सीकर 70-34 अंकों में विजय रहा। कार्यक्रम का संचालन अनिल क्षोत्रिय ने किया। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. रविन्द्र कटेवा ने सभी आगन्तुक मेहमानों एवं सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया।

पैलेस ऑन व्हील्स की इस पर्यटन सत्र की व्यावसायिक यात्रा शुरु

जयपुर, ४ सितम्बर। राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) एवं भारतीय रेल द्वारा संचालित विश्व प्रसिद्ध ''पैलेस ऑन व्हील्स'' की इस पर्यटन सत्र (सितम्बर ०८ से अप्रेल २००९) की व्यावसायिक यात्रा शुरु हो गई है।

शाही रेलगाडी बुधवार को इस सत्र की पहली व्यावसायिक यात्रा के लिए दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से राजस्थान के चुनिंदा पर्यटन स्थलों और आगरा के लिए रवाना हुई। इसमें ट्रेन के ५२ केबिन्स में से ५१ केबिन्स में कुल ९२ यात्री राजस्थान के जयपुर, जैसलमेर, जौधपुर, सवाई माधोपुर, चित्तौडगढ, उदयपुर, और भरतपुर के साथ ही उत्तर प्रदेश के आगरा की एक सप्ताह की अविस्मरणीय यात्रा पर गये हैं। पैलेस ऑन व्हील्स प्रत्येक बुधवार को अगले वर्ष अप्रेल तक इसी रुट पर दिल्ली से चलेगी। उल्लेखनीय है कि पैलेस ऑन व्हील्स की सन् २०१० तक अग्रिम बुकिंग हो चुकी है और इस सफलता को देखते हुए राजस्थान सरकार और भारतीय रेल ने एक और नई ट्रेन ''रॉयल राजस्थान ऑन व्हील्स'' शुरु करने का निर्णय लिया है जिसमें पैलेस ऑन व्हील्स से भी बेहतर सुख सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस नई शाही रेलगाडी के आगामी दिसम्बर माह से पटरियों पर दौ़डने की उम्मीद है।

आयुक्त राजेन्द्र जोशी ने पौत्र जन्म पर मनाई खुशी

माई झुं. 4 सितम्बर। नगरपालिका आयुक्त राजेन्द्र जोशी के सुपुत्र प्रशान्त जोशी के पुत्र जन्मोत्सव की खुशी में स्वरूचि भोज का आयोजन गुरुवार सायंकाल सामुदायिक विकास भवन इंदिरा नगर झुंझुनूं में किया गया। आयुक्त जोशी ने पौत्र जन्मोत्सव पर उक्त स्वरूचि भोज में शहर के गणमान्यजन, जिला प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारीगण, पार्षदगण, नगरपालिका अधिकारीगण व विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को बुलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। नवागन्तुक मेहमान जोशी परिवार के चिरंजीव को हमारी हार्दिक शुभाशिर्वाद एवं आयुक्त जोशी को सपरिवार को हार्दिक बधाईया।